संख्या-479/2025/I/1159087/2025/23-11099(099)/248/2024

प्रेषक,

अभय प्रताप श्रीवास्तव,

अनु सचिव,

उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष,

लोक निर्माण विभाग,

उ0प्र0 लखनऊ।

लोक निर्माण अनुभाग-11 **लखनऊ : दिनांक: 30-11-2025**

विषय:-वित्तीय वर्ष 2025-26 में शहरों के बाईपास/रिंग रोड/फ्लाई ओवर निर्माण के चालू कार्यो की व्यवस्था योजना के चालू कार्यो पर धनावंटन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुख्य अभियंता (मु0-1), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ के पत्र संख्या-17663/CE-HQ1/BYPASS/GON/2025-26, दिनांक 07-11-2025, पत्र संख्या-17674/CE-HQ1/BYPASS/VNS/2025-26, दिनांक 07-11-2025, पत्र संख्या-17773/CE-HQ1/BYPASS/GON/2025-26, दिनांक 14-11-2025, पत्र संख्या-17819/CE-HQ1/BYPASS/PRJ/2025-26, दिनांक 15-11-2025, पत्र संख्या-18000/CE-HQ1/BYPASS/ADY/2025-26, दिनांक 25-11-2025 एवं पत्र संख्या-18001/CE-HQ1/BYPASS/PRJ/ 2025-26, दिनांक 25-11-2025 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शहरों के बाईपास/रिंग रोड/फ्लाई ओवर निर्माण के चालू कार्यो की व्यवस्था योजना के अधोलिखित तालिका में अंकित 06 चालू कार्यो पर वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल रू0 4871.29 लाख (रूपये अड़तालिस करोड़ इकहत्तर लाख उन्तीस हजार मात्र) की धनराशि निम्नलिखित विवरण/शर्तो सहित अवमुक्त किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है:-

(धनराशि रूपये लाख में)

क्र0 सं0	खण्ड/ जनपद का नाम	कार्य का नाम	**स्वीकृत/प्रावैधिक लागत/ बचत/ बचत की उपरान्त लागत**	अब तक आवंटन	अवमुक्त धनराशि
1	2	3	4	5	6
1	गोण्डा नि0ख0-2	जनपद गोण्डा में गोण्डा-बलरामपुर मार्ग से गोण्डा अयोध्या मार्ग को जोड़ते हुए बाईपास (लम्बाई 1.600 कि0मी0) का निर्माण कार्य।	5634.87 5634.87 17.12 5617.75	1972.20	1000.00
2	गाजीपुर नि0ख0-1	जनपद गाजीपुर में चोचकपुर धरम्मतपुर मार्ग एवं जमनिया कस्बे के निकट गंगा नदी पर ककड़हवा घाट पर सेतु पहुँच मार्ग अन्य जिला मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़करण का कार्य।	6643.46 6643.46 352.93 6290.53	6180.53	110.00
3	बहराइच नि0ख0-1	जनपद बहराईच में लखनऊ-बहराईच मार्ग (एन0एच0-927) से बहराईच-गोण्डा मार्ग (एस0एच0-30) बहराईच बाईपास का नव निर्माण कार्य (लम्बाई 11.777	22484.59 22484.59 Nil 22484.59	7039.30	3039.30

shasanadesh.up.nic.in

		कि0मी0) के साथ मार्ग में पड़ने वाले सरजू नदी पर दो लेन सेतु का निर्माण (लम्बाई 120.68 मी0) व दो लेन उपरिगामी सेतु का निर्माण (लम्बाई 850.168 मी0) का कार्य।			
4	प्रतापगढ़ नि0ख0-1	जनपद प्रतापगढ़ में संगम चौराहे से राजेन्द्र नगर तक बाईपास मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण (लम्बाई 3.000 कि0मी0) का कार्य।	613.60 533.22 68.54 464.68	264.16	180.00
5	अयोध्या प्रा0ख0	जनपद अयोध्या में अयोध्या-अकबरपुर-बसखारी माार्ग के प्रस्तावित मया बाजार 04 लेन बाईपास (लम्बाई 3.00 कि0मी0) के नव निर्माण का कार्य।	7843.27 7843.27 3.50 7839.77	7447.78	391.99
6	कौशाम्बी प्रा0ख0	जनपद कौशाम्बी में देवीगंज बाईपास मार्ग (अ0जि0मा0) का निर्माण कार्य (लम्बाई 3.300 कि0मी0)।	1308.39 1308.39 18.69 1289.70	1024.94	150.00
योग:-					**4871.29**

<u>नियम व शर्ते/प्रतिबन्धों</u>

(1) प्रश्नगत चालू कार्यो हेतु आवंटित धनराशि का व्यय/उपयोग वित्त विभाग द्वारा निर्गत आदेशों/ज्ञापों में उल्लिखित शर्तो के अनुसार बजट मैनुअल एवं वित्तीय हस्त पुस्तिका के नियमों, स्थाई आदेशों आदि का अक्षरश: अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जायेगा तथा किसी भी दशा में प्रश्नगत कार्य हेतु आवंटित धनराशि का उपयोग किसी अन्य मद में नहीं किया जायेगा।

(2) प्रश्नगत कार्यो हेतु आवंटित धनराशि का उपयोगिता प्रमाण-पत्र/कार्यो के सपंरिक्षित लेखा निर्धारित समयावधि में कार्यालय महालेखाकार, उ0प्र0, प्रयागराज एवं शासन को उपलब्ध करा दिया जाय।

(3) अवमुक्त की जा रही धनराशि के व्यय से पूर्व उपरोक्त परियोजनाओं के सम्बन्ध में प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति विषयक शासनादेश की समस्त शर्तो एवं प्रतिबन्ध का अक्षरश: अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(4) लोक निर्माण विभाग में सी0सी0एल0 प्रणाली समाप्त किए जाने के फलस्वरूप वर्क्स से सम्बन्धित बजट के ऑन लाइन आवंटन किए जाने हेतु डी0डी0ओ0 कोड आवंटन विषयक वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के शासनादेश संख्या-10/2022/बी-1-345/दस-2022, दिनांक 04-05-2022 तथा कार्यमदों के व्यय को सी0सी0एल0 प्रणाली से मुक्त रखते हुए सामान्य कोषागार प्रणाली से आच्छादित किए जाने के सम्बन्ध में वित्त (लेखा) अनुभाग-2 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-3/2022/ए-2-76/दस-2022-10(9)/95, दिनांक 13-04-2022 में निहित व्यवस्था/शर्तो का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(5) अवमुक्त की जा रही धनराशि का व्यय किए जाने से पूर्व वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-6/2025/बी-1-352/दस-2025-231/2025, दिनांक 27-03-2025 में निर्धारित प्रक्रिया एवं निहित शर्तो का अक्षरश: अनुपालपन सुनिश्चित किया जायेगा।

2- इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय रू0 48,71,29,000 (रूपये अड़तालिस करोड़ इकहत्तर लाख उन्तीस हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2025-2026 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या 058 लेखाशीर्षक 5054033378600 शहरों के बाईपास/रिंग रोड/फ्लाई ओवर के चालू कार्यो की व्यवस्था मानक मद 24 वृहत निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

http://shasanadesh.up

3- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-6/2025/बी-1-352/दस-2025-231/2025, दिनांक 27-03-2025 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(अभय प्रताप श्रीवास्तव)
अनु सचिव।

संख्या व दिनांक तदैव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- निजी सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0 शासन।
2- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री जी, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
3- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
4- महालेखाकार (लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
5- सम्बन्धित मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी।
6- मुख्य अभियन्ता (मु0-1), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
7- वित्त नियंत्रक, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
8- सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग।
9- सम्बन्धित मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी/कोषाधिकारी।
10- सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग।
11- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनु0-8/वित्त (आय-व्ययक) अनु0-1, उ0प्र0 शासन।
12- राज्य योजना आयोग-1/2, उ0प्र0 शासन।
13- अधीक्षण अभियन्ता, नियोजन/परियोजना, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
14- लोक निर्माण अनुभाग-1/9/10/12 एवं 14, उ0प्र0 शासन।
15- नोडल अधिकारी (आनलाईन बजट एलॉटमेन्ट सिस्टम), लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
16- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(अभय प्रताप श्रीवास्तव)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in